दिनांक 24.11.2017

स्वच्छ भारत अभियान **स्वच्छ एवं सुदर भिलाई**

भिलाईनगर/ दुर्ग, भिलाई एवं चरोदा नगर निगम क्षेत्र में सीसी टीवी लगाने हेतु पार्षदनिधि से व्यय किये जाने की अनुमति सहित अन्य दो प्रस्ताव पर महापौर परिषद के सदस्यों ने अपनी सहमति व्यक्त किया।

महापौर परिषद की बैठक महापौर देवेन्द्र यादव की अध्यक्षता में प्रारम्भ हुई। बैठक में रखे गये पांच प्रस्ताव में से तीन प्रस्ताव पर परिषद के सदस्यों ने सर्वसम्मति से स्वीकृति की अनुशंसा की। जिसमें दुर्ग, भिलाई एवं चरोदा नगर निगम क्षेत्र में सीसी टीवी एवं आईटीएमएस स्थापित करने हेतु संचालनालय नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग से प्राप्त पत्र के आधार पर पार्षदनिधि से व्यय की अनुमति प्रदान करने के प्रस्ताव पर सदस्यों ने चर्चा करते हुए कहा कि पार्षदों से उक्त विषय पर लिखित सहमति प्राप्त कर स्वेच्छा से अपनी निधि की राशि प्रदान किये जाने की सहमति प्रदान की। निगम सचिव के पद पर पदोन्नति के प्रस्ताव पर शासन द्वारा स्वीकृत 01 पद पर सीधे पदोन्नति किये जाने हेतु वरिष्ठता क्रम के श्रीमती शांन्ति चन्द्राकर कार्यालय अधीक्षक को पदोन्नत किये जाने पर सदस्यों ने अनुशंसा किया। जोन 02 अंतर्गत गौरवपथ के सौन्दर्यीकरण कार्य हेतु 130.84 लाख रुपये की स्वीकृति एवं अनुदान राशि उपलब्ध कराने हेतु शासन से पत्र प्रेषित किये जाने की सहमति प्रदान की गई। बैठक में रखे गये अन्य दो प्रस्ताव पर चर्चा नहीं हो सकी।

बैठक में आयुक्त के0एल0 चौहान, महापौर परिषद के सदस्य लक्ष्मीपति राजू, दीवाकर भारती, जोहन प्रसाद सिन्हा, नरेश कोठारी, दुर्गा प्रसाद साहू, एवं सुशीला देवांगन, सहित राजस्व अधिकारी एचके चन्द्राकर, योजना अधिकारी मूर्ति शर्मा, सचिव जीवन वर्मा, स्थापना अधीक्षक देवव्रत देवांगन, उपस्थित थे।

जनसम्पर्क विभाग